## सेक्शन-1

## सामान्य हिन्दी (General Hindi)

1. निम्नलिखित में से किस साहित्यकार को 'शलाका सम्मान' से सम्मानित किया गया ?
   (A) केदारनाथ अग्रवाल (B) प्रेमचंद (C) रामदरश मिश्र (D) श्रीलाल शुक्ल

2. 'थोड़ा ज्ञान रखने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए :
   (A) असाध्य (B) अच्युत (C) अवध्य (D) अल्पज्ञ

3. 'पिताजी ने मुझे पाँच रुपये दिए।' इस वाक्य का वाच्य है :
   (A) कर्मवाच्य (B) कर्तृवाच्य (C) मध्यवाच्य (D) भाववाच्य

4. 'जिसके पास धन न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :
   (A) निर्दोष (B) परिश्रमी (C) उदार (D) निर्धन

5. 'पक्षी' शब्द का तद्भव रूप निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
   (A) मक्खी (B) पंछी (C) कबूतर (D) कौआ

6. 'ढाई घर' (उपन्यास) के उपन्यासकार कौन हैं ?
   (A) नरेश मेहता (B) विष्णु प्रभाकर (C) गिरिराज किशोर (D) अशोक वाजपेयी

7. 'अन्यत्र' शब्द का तद्भव रूप है :
   (A) अनत (B) नरक (C) इमली (D) अँगूठा

8. नीचे दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए :
   (A) मात्र महिलाओं के लिए आरक्षित (B) महिलाओं मात्र के लिए आरक्षित (C) केवल मात्र महिलाओं के लिए आरक्षित (D) केवल महिलाओं के लिए आरक्षित

9. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग ***नहीं*** है ?
   (A) टोपी (B) रोटी (C) मोती (D) पोथी

10. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?
    (A) यहाँ पर कल एक लड़का और लड़की बैठे थे।
    (B) कल यहाँ पर एक लड़का और लड़की बैठी थी।
    (C) कल एक लड़का और लड़की यहाँ पर बैठे थे।
    (D) कल एक लड़का और लड़की बैठी थी यहाँ पर।

11. गिद्ध जाँघ को खोदि-खोदि कै मांस उपारत।
    स्वान अंगुरिन काटि-काटि कै खात बिदारत ॥
    इन पंक्तियों में कौन-सा रस है ?
    (A) वीभत्स रस (B) श्रृंगार रस (C) शांत रस (D) अद्भुत रस

12. 'अखिल घर के आँगन में खेलता है।' इस वाक्य में क्रिया चुनिए।
    (A) आँगन में (B) घर के (C) अखिल (D) खेलता है

13. घूसखोर, जादूगर एवं रसोइया में निहित प्रत्यय के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) खोर, गर , इया
(B) सखोर, दूगर, सोइया
(C) घूस, जादू, रसो
(D) ओर, उगर, ओइया

14. 'मैं जितना खाता हूँ, उतना मोटा होता हूँ।' इस वाक्य में कौन-सा अव्यय है ?

(A) क्रिया-विशेषण अव्यय
(B) परिमाणवाचक अव्यय
(C) समुच्चयबोधक अव्यय
(D) संबंधबोधक अव्यय

15. 'लम्बा' शब्द में कौन-सा विशेषण है ?

(A) गुणवाचक विशेषण
(B) व्यक्तिवाचक विशेषण
(C) सार्वनामिक विशेषण
(D) परिमाणवाचक विशेषण

16. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही ***नहीं*** है ?

(A) जो न दिखाई दे – अदृश्य
(B) जो पहले न पढ़ा हो – अपठित
(C) जो कुछ न करे – कृतघ्न
(D) बड़ा भाई – अग्रज

17. 'अभी तुम रुक जाओ' इस वाक्य में कौन-सा अव्यय है ?

(A) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण
(B) कालवाचक क्रिया-विशेषण
(C) सम्बन्धवाचक विशेषण
(D) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण

18. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव है ?

(A) सूरज
(B) विद्यालय
(C) मित्र
(D) भाषा

19. जिसकी रज में लोट-लोट कर बड़े हुए हैं।
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं॥
इन पंक्तियों में कौन-सा छंद है ?

(A) दोहा
(B) चौपाई
(C) कुण्डलिया
(D) रोला छंद

20. संज्ञा तथा सर्वनाम के जिस रूप से उसका किसी से अलग होना, डरना, उत्पन्न होना आदि पता चले, उसे कहते हैं :

(A) करण कारक
(B) कर्ता कारक
(C) अपादान कारक
(D) अधिकरण कारक

21. 'साँप को दूध पिलाना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) दुविधा में पड़ना
(B) दुष्ट की रक्षा करना
(C) बहुत ही कठिन कार्य करना
(D) बेइज़्ज़ती करना

22. मुदित महीपति मंदिर आए, सेवक सचिव सुमंत बुलाए॥
इस काव्य-पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(A) अतिशयोक्ति
(B) श्लेष
(C) उत्प्रेक्षा
(D) अनुप्रास

23. *'लोग भूल गये हैं'* नामक काव्य के रचनाकार कौन हैं ?

(A) सुदामा पांडेय 'धूमिल'
(B) श्रीकांत वर्मा
(C) रघुवीर सहाय
(D) अज्ञेय

SS@#△S5353 331523645

24. 'कम खाने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :
(A) जलचर (B) निर्लज्ज (C) सुलभ (D) अल्पाहारी

25. नीचे दिए गए विकल्पों में से किस शब्द में 'ईन' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?
(A) पुजारिन (B) नागिन (C) रंगीन (D) मालकिन

26. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(A) अब काम समाप्त होने में है।
(B) वह पौधों को सींचती है।
(C) पेड़ में पत्ते गिर रहे है।
(D) तुम तुम्हारा काम करो।

27. "आए थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास" अर्थ की बोधक सही लोकोक्ति है :
(A) जो सच्चाई के रास्ते पर है उसे डर नहीं लगता।
(B) अयोग्य व्यक्ति को अच्छी चीज़ मिल जाना।
(C) काम बिगड़ जाने पर पछतावे से कोई फायदा नहीं।
(D) आवश्यक कार्य को छोड़कर अनावश्यक कार्य में उलझ जाना।

28. निम्नलिखित में से सर्वनाम शब्द है :
(A) कानपुर (B) सचिन (C) वह (D) हिमालय

29. सन् 2012 में किस साहित्यकार को उनके काव्य संग्रह (पत्थर फेंक रहा हूँ) के लिए 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है ?
(A) चंद्रकांत देवताले (B) कैलाश वाजपेयी (C) रमेश चन्द्र शाह (D) उदय प्रकाश

30. जिस छंद में भाषा, भाव, रस और लय का महत्त्व होता है, वह कौन-सा छंद कहलाता है ?
(A) मात्रिक छंद (B) मुक्तक छंद (C) वर्णिक छंद (D) उभय छंद

31. 'कोंपल' शब्द का पर्यायवाची है :
(A) किशल
(B) जड़
(C) फूल
(D) शाखा

32. 'चस्का लगना' मुहावरे का अर्थ है :
(A) नाक रगड़ना
(B) बहुत पीटना
(C) आदत पड़ना
(D) बहुत क्रोध आना

33. नीचे दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए :
(A) मेंर को नहीं चाहिए आपकी सलाह।
(B) मुझे नहीं चाहिए आपकी सलाह।
(C) मेंर को आपकी सलाह नहीं चाहिए।
(D) मुझे आपकी सलाह नहीं चाहिए।

34. 'तट' शब्द का पर्यायवाची है :
(A) कालिंदी
(B) किनारा
(C) नीर
(D) गर्दभ

35. 'मरने की फुर्सत न होना' मुहावरे का अर्थ है :
(A) निर्मल होना
(B) अत्यधिक व्यस्त होना
(C) बिल्कुल स्वच्छ होना
(D) छल-कपट से रहित होना

SS@#△$☆☆ 33152366

[प्र. सं. 36 से 40 गद्यांश प्रश्न]

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

अहिंसात्मक अभ्यास का मार्ग ही अलग है। फौज में प्रतिदिन कवायद, कसरत, क्रूरतापूर्ण शिकार इत्यादि कराए जाते हैं। अहिंसात्मक अभ्यास इससे बिलकुल भिन्न है। उसका साधन, यदि एक शब्द में कहना चाहें, तो बस, संयम है। यहाँ संयम व्यापक अर्थ में उन तमाम नियमों के लिए व्यवहृत किया गया है, जिनका उल्लेख हिन्दुओं के तथा दूसरे धर्मों के धर्मग्रन्थों में पाया जाता है। ये साधारण सदाचार के नियम सख्ती से पालन करके सीखे जाते हैं। इन सब नियमों का झुकाव अहिंसा और सत्य की ओर ही होता है। गांधीजी ने बार-बार लिखा है कि ईश्वर पर विश्वास इसका एक बहुत बड़ा सहायक होता है। यदि इस अहिंसात्मक प्रवृत्ति को जागृत और पुष्ट करने में समय लगाया जाए, बचपन से ही अभ्यास कराया जाए और इस पर पूरा ध्यान दिया जाए, तो निर्भयता इत्यादि जो इसके मुख्य बाह्य रूप देखने में आते हैं, अवश्य ही प्राप्त किए जा सकते हैं। यह कहना कि यह मनुष्य के लिए सम्भव नहीं, बेबुनियाद बात है।

36. निर्भयता आदि गुणों को सीखने के लिए आवश्यक है :

(A) अनुशासन

(B) बचपन में सैनिक शिक्षा का अभ्यास

(C) बचपन से ही अहिंसात्मक प्रवृत्ति का अभ्यास

(D) युवावस्था में ब्रह्मचर्य का आचरण

37. उपर्युक्त गद्यांश में फौज की गतिविधियों का उल्लेख इसलिए किया गया है क्योंकि :

(A) फौज का महत्त्व निरूपित किया जाए

(B) अहिंसात्मक अभ्यास की उससे पृथकता प्रतिपादित की जा सके

(C) फौज के क्रिया-कलापों को बताया जा सके

(D) सैनिक शिक्षा की अनिवार्यता संकेतित की जाए

38. धर्मग्रंथों में सर्वाधिक बल दिया गया है :

(A) अनुशासन पर

(B) अहिंसा पर

(C) संयम पर

(D) भक्ति और ज्ञान पर

39. अहिंसात्मक अभ्यास का मुख्य साधन क्या है ?

(A) संयम

(B) युद्ध कौशल

(C) ध्यान

(D) शक्ति प्रदर्शन

40. 'व्यवहृत' शब्द का पर्याय है :

(A) आचरित

(B) लेन-देन

(C) विवरण

(D) चरित्र

## सेक्शन-2

### मूलविधि/संविधान/सामान्य ज्ञान (Basic Law/Constitution/General Knowledge)

41. UPI भुगतान प्रणाली किस भारतीय संगठन द्वारा विकसित की गई थी ?
The UPI payment system was developed by which Indian organization ?
(A) RBI (B) SEBI (C) SBI (D) NPCI

42. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद पोषण के स्तर और जीवन स्तर को ऊपर उठाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए राज्य के कर्तव्य का प्रावधान करता है ?
(A) अनुच्छेद 41 (B) अनुच्छेद 44 (C) अनुच्छेद 50 (D) अनुच्छेद 47
Which Article of the Constitution provides for the duty of the state to raise the level of nutrition and standard of living and to improve public health ?
(A) Article 41 (B) Article 44 (C) Article 50 (D) Article 47

43. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची संरक्षित प्रजातियों को वर्गीकृत करने के लिए ***नहीं*** है ?
(A) अनुसूची VII (B) अनुसूची I (C) अनुसूची II (D) अनुसूची V
Under the Wildlife (Protection) Act, 1972, which of the following is ***not*** a Schedule for classifying protected species ?
(A) Schedule VII (B) Schedule I (C) Schedule II (D) Schedule V

44. दंड विधि (आपराधिक विधि) में, "सबूत का भार" का क्या महत्त्व है ?
(A) यह अपराध के लिए सज़ा को संदर्भित करता है
(B) यह अदालत को सज़ा (दंड) तय करने में मदद करता है
(C) यह प्रतिवादी को निर्दोषता साबित करने की अनुमति देता है
(D) यह किसी के दावे/बयानों को उचित संदेह से परे साबित करने का दायित्व है
In criminal law, what is the significance of the "Burden of Proof" ?
(A) It refers to the punishment for the crime
(B) It helps the court to determine the sentence
(C) It allows the defendant to prove innocence
(D) It is the responsibility of proving one's claims/statements beyond a reasonable doubt

45. किस स्थिति में एक मंत्री राष्ट्रपति चुनाव में मतदान के लिए अयोग्य होता है ?
(A) यदि वह उसी राजनीतिक दल से है जिससे राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार संबंधित है
(B) यदि वह स्वयं चुनाव लड़ता है
(C) यदि वह राज्य विधान परिषद का सदस्य है
(D) यदि उसे राज्य विधान सभा में अपना बहुमत साबित करने के लिए कहा गया है
Under what circumstances is a minister disqualified from voting in a presidential election ?
(A) If he belongs to the same political party to which the presidential candidate belongs
(B) If he himself contests the election
(C) If he is a member of the State Legislative Council
(D) If he has been asked to prove his majority on the floor of the State Legislative Assembly

46. Windows, macOS और Linux इसके उदाहरण हैं :

(A) ऑपरेटिंग सिस्टम्स
(B) इनपुट डिवाइस
(C) वेब ब्राउज़र
(D) एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर

Windows, macOS and Linux are examples of :

(A) Operating systems
(B) Input devices
(C) Web browsers
(D) Application software

47. 2025 के आंकड़ों के अनुसार, किस राज्य का लिंगानुपात सबसे अधिक है ?

(A) दिल्ली (B) हरियाणा (C) केरल (D) पुडुचेरी

Which state has the highest sex ratio according to the data of 2025 ?

(A) Delhi (B) Haryana (C) Kerala (D) Puducherry

48. माउंट किलिमंजारो किस देश में स्थित है ?

(A) युगांडा (B) जापान (C) तंज़ानिया (D) इथियोपिया

Mount Kilimanjaro is located in which country ?

(A) Uganda (B) Japan (C) Tanzania (D) Ethiopia

49. बैंकिंग में सीआरआर (CRR) का क्या अर्थ है ?

(A) कैपिटल रिज़र्व रिक्वायरमेंट (पूँजी आरक्षित आवश्यकता)
(B) कैश रिस्क रेट (नकद जोखिम दर)
(C) कैश रिज़र्व रेश्यो (नकद आरक्षित अनुपात)
(D) क्रेडिट रिस्क रेश्यो (क्रेडिट जोखिम अनुपात)

What does CRR stand for in banking ?

(A) Capital Reserve Requirement
(B) Cash Risk Rate
(C) Cash Reserve Ratio
(D) Credit Risk Ratio

50. मिग ला दर्रे पर सबसे ऊँची मोटरयोग्य सड़क का निर्माण किस परियोजना के अंतर्गत किया गया था ?

(A) प्रोजेक्ट विजय
(B) प्रोजेक्ट सर्वत्र
(C) प्रोजेक्ट सुरक्षा
(D) प्रोजेक्ट हिमांक

Under which project was the highest motorable road at Mig La Pass constructed ?

(A) Project Vijay
(B) Project Sarvatra
(C) Project Suraksha
(D) Project Himank

51. एलर्जन क्या है ?

(A) एक प्रकार की प्रतिरक्षा कोशिका
(B) एक पदार्थ जो एलर्जी की प्रतिक्रिया को ट्रिगर करता है
(C) एलर्जी के उपचार के लिए एक दवा
(D) एक प्रकार की एंटीबॉडी

What is an allergen ?

(A) A type of immune cell
(B) A substance that triggers an allergic reaction
(C) A medicine to treat allergies
(D) A type of antibody

52. कौन-सा संवैधानिक अनुच्छेद अस्पृश्यता को समाप्त करता है और किसी भी रूप में इसके आचरण पर प्रतिबंध लगाता है ?

(A) अनुच्छेद 19 (B) अनुच्छेद 17 (C) अनुच्छेद 21 (D) अनुच्छेद 14

Which Constitutional Article abolished untouchability and forbids its practice in any form ?

(A) Article 19 (B) Article 17 (C) Article 21 (D) Article 14

53. भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत सामाजिक प्रभाव आकलन (सामाजिक समाघात निर्धारण) (SIA) करने के लिए कौन-सा प्राधिकरण उत्तरदायी है ?

(A) राज्य द्वारा नामांकित स्वतंत्र विशेषज्ञ
(B) स्थानीय पंचायत
(C) जिला कलेक्टर
(D) राष्ट्रीय भूमि न्यायाधिकरण

Which authority is responsible for conducting a Social Impact Assessment (SIA) under the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 ?

(A) Independent experts designated by the state
(B) Local Panchayat
(C) District Collector
(D) National Land Tribunal

54. निम्नलिखित में से कौन-सी रिट (याचिका) एक न्यायालय द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्य करने से रोकने के लिए किसी निचली अदालत या किसी अन्य प्राधिकरण को आदेश देने के लिए जारी की जाती है ?

(A) सर्टिओरारी (उत्प्रेषण-लेख)
(B) प्रोहीबिशन (निषेधाज्ञा)
(C) हैबियस कॉर्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण)
(D) मेन्डमस (परमादेश)

Which of the following writs is issued by a court to order a lower court or another authority to stop doing something that is beyond its powers ?

(A) Certiorari
(B) Prohibition
(C) Habeas Corpus
(D) Mandamus

55. नेटवर्किंग सिस्टम में IPv6 एड्रेस को दर्शाने के लिए उपयोग की जाने वाली बिट लंबाई क्या है ?

(A) 256 बिट्स
(B) 32 बिट्स
(C) 128 बिट्स
(D) 64 बिट्स

What is the bit length used to represent an IPv6 address in networking systems ?

(A) 256 bits
(B) 32 bits
(C) 128 bits
(D) 64 bits

56. RTI अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत कोई व्यक्ति लोक सूचना अधिकारी (PIO) के निर्णय के विरुद्ध अपील कर सकता है ?

(A) धारा 19
(B) धारा 15
(C) धारा 8
(D) धारा 21

Under which Section of the RTI Act can a person appeal against the decision of the Public Information Officer (PIO) ?

(A) Section 19
(B) Section 15
(C) Section 8
(D) Section 21

57. हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत विवाह-विच्छेद (तलाक) के लिए आधारों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) किसी अन्य धर्म में परिवर्तन विवाह-विच्छेद का आधार नहीं हो सकता।
(B) दो साल की अवधि के लिए अभित्यक्ति (त्याग) विवाह-विच्छेद का एक मान्य आधार है।
(C) असाध्य रूप से विकृत-चित्त (मानसिक विकार) होना विवाह-विच्छेद का आधार नहीं है।
(D) विवाहेत्तर संबंध (व्यभिचार) विवाह-विच्छेद का एक मान्य आधार नहीं है।

Which of the following statements is true regarding the grounds for divorce under the Hindu Marriage Act, 1955 ?

(A) Conversion to another religion cannot be a ground for divorce.
(B) Desertion for a period of two years is a valid ground for divorce.
(C) Incurably of unsound mind is not a ground for divorce.
(D) Adultery is not a valid ground for divorce.

58. उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 के अंतर्गत, "कृषि" में निम्नलिखित में से क्या सम्मिलित है ?

(A) केवल फ़सल उत्पादन और डेयरी फार्मिंग

(B) केवल फ़सल उत्पादन और पशुपालन

(C) केवल चरागाह और वनोपज

(D) बागवानी, मत्स्य पालन, फूलों की खेती, मधुमक्खी पालन और मुर्गी पालन

Under the Uttar Pradesh Revenue Code, 2006, "Agriculture" includes which of the following ?

(A) Only crop cultivation and dairy farming

(B) Only crop cultivation and animal husbandry

(C) Only grazing and forest produce

(D) Horticulture, pisciculture, flower farming, beekeeping, and poultry farming

59. जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत क्या समझाता है ?

(A) विकसित देशों में शहरी नियोजन

(B) समाज के विकास के साथ जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन

(C) देशों के बीच प्रवासन के रुझान

(D) GDP और साक्षरता के बीच संबंध

What does the Demographic Transition Theory explain ?

(A) Urban planning in developed nations

(B) Changes in population growth as societies develop

(C) Migration trends between countries

(D) The relationship between literacy and GDP

60. आयकर अधिनियम, 1961 की कौन-सी धारा गृह संपत्ति से आय में कटौती पर कर लाभ प्रदान करती है ?

(A) धारा 10 (B) धारा 24 (C) धारा 50 (D) धारा 35

Which Section of the Income Tax Act, 1961 provides for tax benefits on deductions from income from house property ?

(A) Section 10 (B) Section 24 (C) Section 50 (D) Section 35

61. यदि राष्ट्रपति द्वारा सहमति के लिए भेजा गया विधेयक वापस किया जाता है और संसद फिर से विधेयक को उसी प्रारूप में पारित करती है, तो राष्ट्रपति क्या कर सकते हैं ?

(A) विधेयक पर जनमत संग्रह की माँग कर सकते हैं

(B) विधेयक को पुनः विचार के लिए वापस कर सकते हैं

(C) विधेयक पर सर्वोच्च न्यायालय की राय ले सकते हैं

(D) विधेयक को अपनी स्वीकृति देते हैं

If the President returns a Bill sent to him for his assent and the Parliament once again passes the Bill in its original form, then what can the President do ?

(A) Can ask for a referendum on the Bill

(B) Can once again return the Bill for further reconsideration

(C) Can seek the opinion of the Supreme Court on the Bill

(D) Gives assent to the Bill

62. आयकर अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी आय, कर मुक्त है ?

(A) कृषि आय (B) वेतन आय (C) पूँजीगत लाभ (D) व्यावसायिक आय

Which of the following incomes is exempt under Section 10 of the Income Tax Act ?

(A) Agricultural Income (B) Salary Income (C) Capital Gains (D) Business Income

63. किस प्रकार का आपातकाल, राज्य में संवैधानिक तंत्र के विफल होने के कारण घोषित किया जा सकता है ?

(A) वित्तीय आपातकाल (B) आंतरिक सुरक्षा आपातकाल

(C) राष्ट्रीय आपातकाल (D) राष्ट्रपति शासन

Which type of emergency can be declared due to the failure of constitutional machinery in a state ?

(A) Financial Emergency (B) Internal Security Emergency

(C) National Emergency (D) President's Rule

64. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की कौन-सी धारा साइबर आतंकवाद के लिए दंड का प्रावधान करती है ?

(A) धारा 69 (B) धारा 65 (C) धारा 66F (D) धारा 67B

Which section of the Information Technology Act, 2000 deals with the punishment for cyber terrorism?

(A) Section 69 (B) Section 65 (C) Section 66F (D) Section 67B

65. विधायी शक्ति के संदर्भ में "अवशिष्ट शक्ति" का क्या अर्थ है ?

(A) शक्तियाँ जो किसी भी सूची में नहीं हैं और इस प्रकार संसद के पास होती हैं

(B) शक्तियाँ जो विशेष रूप से राज्य विधानमंडल के पास होती हैं

(C) शक्तियाँ जो राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान प्रयोग की जाती हैं

(D) शक्तियाँ जो केंद्रीय और राज्य सरकारों के बीच हस्तांतरित की जा सकती हैं

In the context of legislative power, what does "Residuary Power" mean ?

(A) Powers not enumerated in any list and thus belong to the Parliament

(B) Powers that are exclusively with the State Legislature

(C) Powers that are exercised during a national emergency

(D) Powers that can be transferred between Central and State governments

66. राज्य के मुख्यमंत्री किसके प्रति उत्तरदायी होते हैं ?

(A) भारत के राष्ट्रपति (B) विधान सभा (C) लोकसभा (D) प्रधानमंत्री

To whom is the Chief Minister of a State accountable ?

(A) President of India (B) Legislative Assembly (C) Lok Sabha (D) Prime Minister

67. पेशेवर नेटवर्किंग और B2B संचार के लिए कौन-सा प्लेटफ़ॉर्म सबसे प्रसिद्ध है ?

(A) टिकटॉक (B) यूट्यूब (C) स्नैपचैट (D) लिंक्डइन

Which platform is best known for professional networking and B2B communication ?

(A) TikTok (B) YouTube (C) Snapchat (D) LinkedIn

68. भारत के किस राज्य में साइनोबैक्टीरियल बायोफर्टिलाइज़र का उपयोग अभी भी लोकप्रिय है ?

(A) तमिलनाडु (B) राजस्थान (C) पंजाब (D) गुजरात

In which Indian state is the use of cyanobacterial biofertilizer still popular ?

(A) Tamil Nadu (B) Rajasthan (C) Punjab (D) Gujarat

69. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम भारत में पर्यावरणीय आपदाओं के पीड़ितों को मुआवजा देने से संबंधित है ?

(A) वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981

(B) जैव विविधता अधिनियम, 2002

(C) लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991

(D) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986

Which of the following acts deals with compensating victims of environmental disasters in India ?

(A) The Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981

(B) The Biological Diversity Act, 2002

(C) The Public Liability Insurance Act, 1991

(D) The Environment (Protection) Act, 1986

70. भारत में नया राज्य बनाने का अधिकार किसके पास है ?

(A) सर्वोच्च न्यायालय (B) संसद (C) राज्य के राज्यपाल (D) प्रधानमंत्री

Who has the authority to create a new state within India ?

(A) Supreme Court (B) Parliament (C) Governor of a State (D) Prime Minister

71. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को पर्यावरण के संरक्षण और सुधार के लिए बाध्य करता है ?

(A) अनुच्छेद 14 (B) अनुच्छेद 21 (C) अनुच्छेद 48(क) (D) अनुच्छेद 51(क)

Which Article of the Indian Constitution obligates the State to protect and improve the environment ?

(A) Article 14 (B) Article 21 (C) Article 48A (D) Article 51A

72. भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव कौन करता है ?

(A) राज्य विधान सभाएँ (B) केवल लोकसभा

(C) केवल राज्यसभा (D) संसद के दोनों सदन

Who elects the Vice President of India ?

(A) State Legislative Assemblies (B) Lok Sabha only

(C) Rajya Sabha only (D) Both Houses of Parliament

73. भारत के पहले ह्यूमनॉइड रोबोट का नाम क्या है जिसे अंतरिक्ष में लॉन्च करने की योजना है ?

(A) रोबोसैट (B) मित्रा (C) भीम (D) व्योममित्रा

What is the name of India's first humanoid robot that is planned to be launched into space ?

(A) RoboSat (B) Mitra (C) Bhim (D) Vyommitra

74. कौन-सा वेबसाइट प्रीफिक्स सुरक्षित कनेक्शन को इंगित करता है ?

(A) ftp:// (B) http:// (C) file:// (D) https://

Which website prefix indicates a secure connection ?

(A) ftp:// (B) http:// (C) file:// (D) https://

75. भारत का कौन-सा क्षेत्र पश्मीना ऊन की शॉलों के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) कश्मीर (B) पंजाब (C) गुजरात (D) राजस्थान

Which region in India is famous for its Pashmina wool shawls ?

(A) Kashmir (B) Punjab (C) Gujarat (D) Rajasthan

76. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ बिच्छू-बूटी के डंक से होने वाली जलन के लिए उत्तरदायी है ?

(A) सिट्रिक अम्ल
(B) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(C) ऐसीटिक अम्ल
(D) मेथैनोइक अम्ल (फॉर्मिक अम्ल)

Which of the following substances is responsible for the burning sensation caused by a nettle sting ?

(A) Citric acid
(B) Hydrochloric acid
(C) Acetic acid
(D) Methanoic acid (Formic acid)

77. 'स्टार्टअप इंडिया' पहल कब शुरू की गई थी ?

When was the 'Startup India' initiative launched ?

(A) 2018
(B) 2012
(C) 2016
(D) 2014

78. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन का अर्थ है कि उस राज्य का शासन __________ द्वारा किया जाता है।

(A) लोकसभा सचिवालय
(B) राष्ट्रपति द्वारा नामित मुख्यमंत्री
(C) एक कार्यवाहक सरकार
(D) राज्य के राज्यपाल

The President's Rule in a state means, that the state is ruled by __________.

(A) The Lok Sabha Secretariat
(B) The Chief Minister nominated by the President
(C) A caretaker government
(D) The Governor of the State

79. भारतीय संविधान की प्रस्तावना का क्या महत्त्व है ?

(A) यह उन आदर्शों और सिद्धांतों का उल्लेख करती है जिन्हें संविधान प्राप्त करना चाहता है
(B) यह नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को निर्दिष्ट करती है
(C) यह संवैधानिक संशोधनों की प्रक्रिया को स्पष्ट करती है
(D) यह न्यायपालिका की संरचना को परिभाषित करती है

What is the significance of the Preamble to the Indian Constitution ?

(A) It states the ideals and principles the Constitution aims to achieve
(B) It outlines the fundamental duties of citizens
(C) It explains the procedure for constitutional amendments
(D) It defines the structure of the judiciary

80. भारतीय संविधान में उल्लिखित व्यक्ति के अधिकारों और राज्य के प्राधिकार के संतुलन के संबंध में कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) संविधान एक संतुलन बनाता है, जहाँ बड़े सार्वजनिक हित के लिए व्यक्ति के अधिकारों पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं
(B) राज्य के पास पूर्ण अधिकार हैं, कोई नियंत्रण नहीं है
(C) न्यायपालिका के पास राज्य और व्यक्तियों के बीच सभी विवादों को हल करने की अंतिम शक्ति है
(D) सभी मामलों में व्यक्ति के अधिकारों को राज्य के प्राधिकार से ऊपर रखा गया है

Which is the correct option regarding the balancing of the rights of the individual and the authority of the state as outlined in the Indian Constitution ?

(A) The Constitution strikes a balance, with reasonable restrictions on individual rights for larger public interest
(B) The state has absolute authority, with no checks
(C) The judiciary holds the ultimate power to resolve all conflicts between the state and individuals
(D) Individual rights are prioritized over state authority in all matters

## सेक्शन-3

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा (Numerical and Mental Ability Test)

81. निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सटीक है यदि '–' का अर्थ '÷', '+' का अर्थ '–', '÷' का अर्थ '×', तथा '×' का अर्थ '+' है ?

Which of the following equations is accurate if '–' stands for '÷', '+' for '–', '÷' for '×', and '×' for '+' ?

(A) $70 - 2 + 4 \div 5 \times 6 = 21$
(B) $70 + 2 - 4 \div 5 \times 6 = 76$
(C) $70 - 2 + 4 \div 5 \times 6 = 64$
(D) $70 \times 2 - 4 \div 5 - 6 = 35$

82. एक रेलगाड़ी एक खंभे को 25 सेकंड में और 150 मी. लंबे प्लेटफ़ार्म को 45 सेकंड में पार करती है। इसकी लंबाई है :

(A) 187 मी. (B) 187·2 मी. (C) 187·5 मी. (D) 187·8 मी.

A train speeds past a pole in 25 seconds and a platform 150 m long in 45 seconds. Its length is :

(A) 187 m (B) 187·2 m (C) 187·5 m (D) 187·8 m

83. दो संख्याओं का लघुतम समापवर्त्य (LCM) 3584 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 8 है। दोनों संख्याओं का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

The LCM of two numbers is 3584, and their HCF is 8. Find the product of the two numbers.

(A) 14336 (B) 17920 (C) 21504 (D) 28672

84. आर्य 6 किमी पश्चिम की ओर चलता है, फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 8 किमी चलता है। उसके बाद, वह फिर से पश्चिम की ओर मुड़ता है और 7 किमी चलता है। अब वह अपने प्रारंभिक बिंदु के सापेक्ष किस दिशा में है ?

(A) उत्तर-पश्चिम (B) दक्षिण-पूर्व (C) उत्तर-पूर्व (D) दक्षिण-पश्चिम

Arya walks 6 km west, then turns south and walks 8 km. After that, he turns west again and walks 7 km. In which direction is he now relative to his starting point ?

(A) North-West (B) South-East (C) North-East (D) South-West

85. एक महिला अपने घर से निकलकर 6 किमी पूर्व दिशा में चलती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 12 किमी चलती है। उसके बाद, वह एक बार फिर बाएँ मुड़ती है और 6 किमी चलती है। अब वह अपने प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर है ?

(A) 12 किमी (B) 18 किमी (C) 16 किमी (D) 20 किमी

A lady leaves her home and walks 6 km east. She then turns left and walks 12 km. After that, she again turns left and walks 6 km. How far is she now from her starting point ?

(A) 12 km (B) 18 km (C) 16 km (D) 20 km

86. एक छात्र द्वारा 5 विषयों में प्राप्त अंक : 72, 68, 75, 80 और 65 हैं। औसत अंक ज्ञात कीजिए।

The marks obtained by a student in 5 subjects are : 72, 68, 75, 80, and 65. Find the average marks.

(A) 72 (B) 68 (C) 75 (D) 65

87. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'RANIBENNUR' शब्द के अक्षरों से ***नहीं*** बनाया जा सकता है ?

Which of the following words ***cannot*** be formed from the letters of the word 'RANIBENNUR' ?

(A) RAIN (B) ANNU (C) BRAIN (D) NUMBER

88. यदि $15^2 = 225$ है, तो $\sqrt{22 \cdot 5} + \sqrt{2 \cdot 25} + 25$ का सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

If $15^2 = 225$, then find the approximate value of $\sqrt{22 \cdot 5} + \sqrt{2 \cdot 25} + 25$.

(A) 33 (B) 29 (C) 30 (D) 31

**89.** 1789 में वह सबसे छोटी संख्या क्या जोड़ी जाए जिससे परिणामी योगफल 29 से पूर्णतः विभाज्य हो ?

What is the least number that must be added to 1789, so that the resulting sum is completely divisible by 29 ?

(A) 11 (B) 9 (C) 8 (D) 7

**90.** निम्नलिखित कथनों का विश्लेषण करके, निर्धारित कीजिए कि दी गई प्रतीक परिभाषाओं के आधार पर कौन-सा निष्कर्ष सही है।

प्रतीक और उनके अर्थ :

a. A % B : A, B से बड़ा है

b. A $ B : A, B से छोटा है

c. A # B : A, B के बराबर है

d. A @ B : A, B से बड़ा या बराबर है

e. A & B : A, B से छोटा या बराबर है

**कथन :** D & E, E # F

**निष्कर्ष :**

I. D & F

II. F % D

(A) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

(B) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(C) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

By analyzing the following Statements, determine which Conclusion is correct based on the given symbol definitions.

Symbols and their meanings :

a. A % B : A is greater than B

b. A $ B : A is less than B

c. A # B : A is equal to B

d. A @ B : A is greater than or equal to B

e. A & B : A is less than or equal to B

**Statement :** D & E, E # F

**Conclusions :**

I. D & F

II. F % D

(A) Neither Conclusion I nor II follows

(B) Only Conclusion I follows

(C) Both Conclusions I and II follow

(D) Only Conclusion II follows

**91.** यदि a : b = 6 : 8 है, तो $(a^3) : (b^3)$ का अनुपात क्या है ?

If a : b = 6 : 8, what is the ratio of $(a^3) : (b^3)$ ?

(A) 64 : 27 (B) 27 : 64 (C) 36 : 64 (D) 64 : 36

**92.** $(0{\cdot}81)^2 + (0{\cdot}49)^2 - (0{\cdot}1)^2$ का योगफल क्या है ?

What is the sum of $(0{\cdot}81)^2 + (0{\cdot}49)^2 - (0{\cdot}1)^2$ ?

(A) 0·8862 (B) 0·8322 (C) 0·8721 (D) 0·8245

93. P, 10 महीने के लिए ₹ 60,000; Q, 8 महीने के लिए ₹ 45,000; और R, 6 महीने के लिए ₹ 75,000 एक व्यवसाय में निवेश करते हैं। P, Q और R के बीच लाभ को क्रमशः किस अनुपात में बाँटा जाना चाहिए ?

P invests ₹ 60,000 for 10 months; Q invests ₹ 45,000 for 8 months; and R invests ₹ 75,000 for 6 months in a business. Find the ratio in which the profit should be shared among P, Q, and R, respectively.

(A) 20 : 12 : 15
(B) 20 : 9 : 6
(C) 9 : 15 : 20
(D) 15 : 12 : 6

94. एक निश्चित कोड में, निम्नलिखित अक्षर अंकगणितीय संक्रियाओं को दर्शाते हैं :

i. V का अर्थ है भाग (÷)
ii. D का अर्थ है गुणा (×)
iii. C का अर्थ है जोड़ (+)
iv. K का अर्थ है घटाव (−)

इस जानकारी का उपयोग करके, व्यंजक का मूल्यांकन कीजिए :

In a certain code, the following letters represent arithmetic operations :

i. V means division (÷)
ii. D means multiplication (×)
iii. C means addition (+)
iv. K means subtraction (−)

Using this information, evaluate the expression :

100 V 5 C 28 K 29 D 3

(A) − 29
(B) − 33
(C) − 39
(D) − 23

95. निम्नलिखित सादृश्य में, पहले अक्षर-समूह पर एक विशिष्ट अक्षर-पैटर्न या परिवर्तन लागू करके दूसरा अक्षर-समूह बनाया जाता है। लुप्त अक्षर-समूह ज्ञात करने के लिए तीसरे अक्षर-समूह पर भी यही पैटर्न लागू कीजिए।

In the following analogy, the second letter-cluster is formed by applying a specific letter-pattern or transformation to the first letter-cluster. Apply the same pattern to the third letter-cluster to find the missing letter-cluster.

CANDID : XZMWRW : : CAREFUL : ________

(A) XZJWUFN
(B) XZIVUFO
(C) XZHVUEP
(D) XZHWVEP

96. एक दुकानदार एक ब्लेंडर 25% लाभ पर ₹ 1,000 में और दूसरा ब्लेंडर 20% हानि पर ₹ 1,200 में बेचता है। उसका कुल लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(A) 1·50% लाभ
(B) 3·29% लाभ
(C) 2·22% हानि
(D) 4·35% हानि

A shopkeeper sells one blender for ₹ 1,000 at a gain of 25% and another for ₹ 1,200 at a loss of 20%. Find his overall profit or loss percentage.

(A) 1·50% profit
(B) 3·29% profit
(C) 2·22% loss
(D) 4·35% loss

97. 22807 को 12 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा ?

What will be the remainder when 22807 is divided by 12 ?

(A) 9
(B) 7
(C) 6
(D) 12

**98.** भावना, भुवन से दोगुनी कुशलता के लिए जानी जाती है। जब भावना अकेले कोई काम हाथ में लेती है, तो वह उसे 25 दिनों में पूरा क सकती है। यदि भावना और भुवन दोनों मिलकर काम करें और अपनी-अपनी मेहनत से उस काम को पूरा करें, तो कितने दिन लगेंगे ?

